लोक सभा अध्यक्ष जिनेवा, स्विट्जरलैंड में आयोजित अन्तर-संसदीय संघ की 139वीं सभा में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगी

नई दिल्ली, 12 अक्तूबर, 2018 : माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल 14 से 18 अक्तूबर, 2018 तक आयोजित अन्तर-संसदीय संघ की 139वीं सभा में सम्मिलित होने के लिए जिनेवा, स्विट्जरलैंड के लिए रवाना हुआ। शिष्टमंडल में राज्य सभा के माननीय उप सभापति श्री हरिवंश; माननीय उपाध्यक्ष लोक सभा डॉ. एम. थम्बिदुरई; डॉ. संजय जायसवाल संसद सदस्य; श्री नागेन्द्र सिंह संसद सदस्य; डॉ. हरि बाबू कम्भमपति संसद सदस्य; श्री हरीश चंद्र मीना संसद सदस्य; डॉ. हिना विजयकुमार गावित संसद सदस्य; श्रीमती प्रत्यूषा राजेश्वरी सिंह संसद सदस्य; महासचिव लोक सभा श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और महासचिव राज्य सभा श्री देश दीपक वर्मा शामिल हैं । लोक सभा में संयुक्त सचिव श्री पी.सी. कौल शिष्टमंडल के सचिव हैं ।

सभा के दौरान, माननीय लोक सभा अध्यक्ष 'नवोन्मेष और प्रौद्योगिकीय परिवर्तन के इस युग में शांति और विकास के संवर्धन हेतु संसदीय नेतृत्व' संबंधी मूल विषय पर होने वाली सामान्य चर्चा के दौरान 178 देशों के पीठासीन अधिकारियों और सांसदों को संबोधित करेंगी।

भारतीय शिष्टमंडल के सदस्य सभा के दौरान विभिन्न बैठकों यथा अंतर-संसदीय संघ की चार स्थायी समितियों, महिला सांसदों और युवा सांसदों के मंच, स्वास्थ्य संबंधी अंतर-संसदीय संघ के परामर्शदात्री समूह, अंतर-संसदीय संघ की शासी परिषद के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय महत्व की एक प्रमुख घटना से जुड़ी आकस्मिक बैठक में भी भाग लेंगे। भारत को विभिन्न विषयों पर संकल्पों को तैयार करने वाली प्रारूपण समिति की बैठकों में भाग लेने का अवसर भी प्राप्त हो सकता है।